# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः—F7(4)vividh/Acad/CCE/2022/Part-00787

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—शिक्षाप्रद शॉर्ट मूवीज को महाविद्यालयों में प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।
सन्दर्भः—शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर का पत्रांक प.10(3)शिक्षा / ग्रुप—3 / 2024—03279 दिनांक 23.10.2024 के क्रम में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि रिच प्रोडक्शन, जोधपुर द्वारा यातायात संबंधित जागरूकता एवं संवेदनशीलता जागृत करने के लिए शिक्षाप्रद शॉर्ट मूवीज़ हेलमेट (लिंक https://youtu.be/c5H8kytAP-A?si=0HU8pdEQoYtJ2mNF) एवं सीट बेल्ट (लिंक https://youtu.be/orYG-ii4kJs?si=-8DoSim-ipPaeEwn) का निर्माण किया गया है। इन शॉर्ट मूवीज़ के माध्यम से यातायात संबंधित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पहल की गई है।

अतः प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को खाली कालांश में इन शिक्षाप्रद शॉर्ट मूवीज को दिखाया जाना सुनिश्चित करें। महाविद्यालयों में इसको प्रदर्शित करना विद्यार्थियों एवं आमजन के हितार्थ होगा।

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(सुनील भाटी)
अतिरिक्त आयुक्त

प्रतिलिपि—

1. उप सचिव, (जेपीएन), मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, अति. आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक, (प्रशासन), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
7. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान।
8. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय सम्बन्धित को अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली

(सुनील भाटी)
अतिरिक्त आयुक्त

RajKaj Ref
11392054

Signature valid
Digitally signed by Sunil Bhati
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.10.24 19:49:27 IST
Reason: Approved

**अतिआवश्यक / आज ही**

# राजस्थान सरकार
## उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग

ई–मेल : higheredu3@rajasthan.gov.in, higheredu3@gmail.com, दूरभाष : 0141–5153222, 5153223, 5153660 (आई.पी. नं. : 24870)

क्रमांक प. 10(3)शिक्षा / ग्रुप–3 / 2024–03279 जयपुर, दिनांकः

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राज.,
जयपुर।

विषयः– शिक्षाप्रद शॉट मूवीज को सरकारी विद्यालय व कॉलेजों में प्रदर्शित करने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत उप सचिव (जेपीएन), मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्र दिनांक 18.10.2024 के साथ (मयसंलग्नक) श्री देवेन्द्र जोशी जी, माननीय विधायक, सूरसागर, जिला–जोधपुर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित पत्र दिनांक 06.08.2024 में वर्णित तथ्यों के अनुक्रम में परीक्षणोपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर वांछित सूचना तत्काल / आज ही इस विभाग को भिजवाते हुए, CMIS पोर्टल पर ऑनलाईन अपडेट कराने का श्रम करावें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय,

(हरिताभ कुमार आदित्य)
शासन उप सचिव–प्रथम

Signature Not Verified

Digitally signed by Haritabh Kumar Aditya
Designation : Deputy Secretary
Date: 2024.10.23 17:18:05 IST
Reason: Approved

मुख्य मंत्री कार्यालय
राजस्थान सरकार

**विषयः शिक्षाप्रद शॉर्ट मूवीज को सरकारी विद्यालय व कॉलेजों में प्रदर्शित करने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत श्री देवेन्द्र जोशी जी, माननीय विधायक, सूरसागर, जिला–जोधपुर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित पत्र दिनांक 06.10.2024 का अवलोकन करने का श्रम करावें।

निर्देशानुसार निवेदन है कि संलग्न पत्र में वर्णित तथ्यों के अनुक्रम में परीक्षणोपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय विधायक महोदय एवं इस कार्यालय को अवगत कराते हुएं CMIS पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट कराने का श्रम करावें।

संलग्न : उपर्युक्तानुसार

17/10/24

**(जय प्रकाश नारायण)**
उप सचिव (जेपीएन),मुख्यमंत्री

**शासन सचिव,**
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा / स्कूल शिक्षा विभाग

अशा. टीप क्रमांक : CMO-DS(JPN)/ VIP/ 2024/2975
जयपुर, दिनांक : 18 अक्टूबर, 2024

कार्यालय शासन सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी संख्या 1892
दिनांक 21.10.24

DSHE
2
18/10/2024

SO-A
22/X/2024
22/X/24

RICH PRODUCTION
रिच प्रोडक्शन
21ई 298,चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
मोबाईल नम्बर:- 9461115468,7413811000

---

सेवा में

माननीय मुख्यमंत्री महोदय
राजस्थान सरकार,जयपुर।

महोदय

सहज, सरल व सर्वजनहिताय की सोच वाले हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास व आमजन की पीड़ी को धरातल से जेहन में रखने के साथ हर पल बिना किसी वीआईपी प्रोटोकॉल से आत्मीयता से मिलने वाले हम सब के अंतरंग मुख्यमंत्रीजी श्री भजनलाल शर्मा को प्रतिष्ठित पद के लिए बधाई व हमारी शुभकामनाएं।

मान्यवर 36 कौम की बेटियों के भविष्य को लेकर बेटी एक मुस्कान संस्थान व रिच प्रोडक्शन समाजोत्थान के लिए दिनरात बिना किसी प्रलोभन के सेवा में जुटे हैं। हमारी संस्था का निवेदन था, कि रिच प्रोडक्शन के बैनर तले सोशियल कॉज शॉर्ट मूवी बना विभिन्न विषयों पर समाज को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिसमें हाल ही में बढती यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट शिक्षाप्रद शॉर्ट मूवी बना आमजन को जागरुक करने के लिए प्रदर्शित की गई। शूटिंग के दौरान राजस्थान पुलिस जोधपुर कमिश्नरेट का पूरा सहयोग रहा। फिल्म को विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शित किया जिसकी सभी ने सराहना की।

माननीय महोदय इस पत्र से हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इन दोनों मूवीज को सरकारी विद्यालय ओर कॉलेजों में दिखाने का आदेश जारी करे ताकि इससे हेलमेट ओर सीटबेल्ट लगाने के लिए आम नागरिक जागरूक हो संके साथ ही आपके आदेशानुसार आप इस सिनेमाघरों में भी इंटरवेल के समय मे दिखाने का प्रयत्न करवाये। महोदय पूर्ण विश्वास है कि हमारे प्रयासों को सार्थक करने में आप अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

भवदीय

स्नेहा भण्डारी
संस्थापक, बेटी एक मुस्कान नई सोच संस्थान

सुनील पुरोहित,
निर्माता निर्देशक
रिच प्रोड़क्शन